## ब्रीफ न्यूज

### रीवा जिला 15 जुलाई तक के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**रीवा, स्वतंत्रमत।** जिले में विभिन्न कार्यों के लिए भू-गर्भीय जल स्त्रोतों के अत्याधिक दोहन एवं तापमान बढ़ने के साथ जल स्तर में तेजी से गिरावट के कारण जिले में आसन्न पेयजल संकट के कारण कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के तहत जिले में 15 जुलाई 2025 तक किसी भी शासकीय भूमि पर स्थिति जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू उपयोग को छोड़कर पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले के सभी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतों जिनमें नदी, नाले, स्टाप डैम, सार्वजनिक कूप एवं अन्य जल स्त्रोत शामिल है उन्हें पेयजल तथा घरेलू कार्यों हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किये जाने के आदेश दिये गये हैं। प्रतिबंध की अवधि में किसी भी व्यक्ति अथवा निजी एजेंसी द्वारा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नवीन नल कूप खनन की अनुमति नहीं होगी। शासकीय नल कूप खनन को प्रतिबंधों से छूट दी गयी है।

जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध की अवधि में यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर नल कूप खनन कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रारूप में शुल्क सहित अपने क्षेत्र के एसडीएम को आवेदन करना होगा। लिखित अनुमति मिलने के बाद ही नल कूप खनन किया जा सकेगा। यदि किसी क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाते हैं तथा विकल्प के रूप में अन्य सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं है ऐसी स्थिति में एसडीएम निजी पेयजल स्त्रोत को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिग्रहीत कर सकेंगे। प्रतिबंध के आदेश 15 जुलाई 2025 तक लागू रहेंगे। प्रतिबंध की अवधि में पेयजल परिरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। तत्काल प्रभाव से आदेश लागू किया जाना आवश्यक होने के कारण यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है।


# धान शॉर्टेज के दो बकायादारों ने जमा किए दो लाख रुपए, लाखों रुपए अभी भी शेष

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा गोविन्दगढ़

### वसूली में हो रही लापरवाही

रीवा, स्वतंत्रमत







धान उर्पाजन वर्ष 2024-25 में समिति गोविन्दगढ़ में उर्पाजन का कार्य किया गया है। जिसमें कई धान उर्पाजन केन्द्र में धान उर्पाजन की शार्टेज पाई हैं। शाखा प्रबंधक द्वारा उर्पाजन केन्द्रों में वसूली के लिए नोटिस जारी की गयी जिसमें शार्टेज की राशि तत्काल शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करने की बात कही गयी है। अन्यथा की स्थिति में अमानत में ख्यानत के आरोप में वैधानिक कार्यवाही के साथ-साथ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराने पर स्वयं के पूर्ण जिम्मेदार होने की बात कही गयी है।

लेकिन अब इसमें आगे की कार्यवाही में लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे हैं लोगों का कहना है कि प्रबंधक एवं बकायादारों द्वारा मामले में लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि शाखा प्रबंधक द्वारा मामले में गोल मटोल जवाब दिया जा रहा है।

### किन उपार्जन केन्द्रों को भेजी गयी है नोटिस

रामशरण त्रिपाठी धान उर्पाजन प्रभारी सेवा सहकारी समिति मर्या. गोविन्दगढ़, जिसकी राशि रूपये 15.13 लाख हैं। जिसमें आप द्वारा आज दिनांक तक कोई राशि जमा नहीं किया गया हैं। कल्याण सिंह प्रभारी समित प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्या. बम्हनगवां जिसकी राशि रूपये 16.20 लाख थी। जिसमें आपके द्वारा मात्र 7.33 लाख रूपये जमा कराया गया हैं। शेष शार्टेज की राशि 8.87 लाख रूपये हैं। नीरज प्रताप सिंह प्रभारी समित प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्या. सिलपरा उर्पाजन केन्द्र में धान उर्पाजन की शार्टेज हैं जिसकी राशि रूपये 15.31 लाख थी। जिसमें आपके द्वारा मात्र 10.71 लाख रूपये जमा किया गया हैं। शेष शार्टेज की राशि 4.60 लाख रूपये हैं।

देवेन्द कुमार पाण्डेय समित प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्या. शंकरहर्दी जिसकी राशि रूपये 59.60 लाख थी। जिसमें आपके द्वारा मात्र 8.00 लाख रूपये जमा कराया गया हैं। शेष शार्टेज की राशि 51.60 लाख रूपये हैं उपरोक्त नोटिस शाखा प्रबंधक शाखा गोविन्दगढ़ द्वारा बकायादारों को भेजी गयी है साथ ही प्रतिलिपि उपायुक्त सहकारिता जिला रीवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रशासक बी-पैक्स गोविन्दगढ़ जिला रीवा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गयी है।

### मामले की अब की जा रही लीपापोती

स्वतंत्र मत प्रतिनिधि द्वारा जब मामले की जानकारी लेने के लिए समिति प्रबंधक तथा बकाया दारों से संपर्क किया गया तो स्पष्ट जानकारी कहीं से भी नहीं मिली। बकायादारों का कहना था कि हमें जो नोटिस मिली थी उसमें बकाया राशि जमा करा दी है जबकि शाखा प्रबंधक से फोन पर संपर्क किया गया तो वह भी गोलमोल जवाब देते रहे। शाखा प्रबंधक का कहना है कि अभी मैं अवकाश पर हुं साथ ही मामले में क्या कुछ घटित हुआ है मुझे याद नहीं है।

### सोमवार को दो बकाया दारों ने जमा किए दो लाख रुपये

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो उपार्जन प्रभारियों द्वारा दो लाख रुपये गोविंदगढ़ शाखा में जमा कराया गया है। जमा करने वालों में रामशरण त्रिपाठी र्पाजन प्रभारी सेवा सहकारी समिति मर्या. गोविन्दगढ़ द्वारा 126552 रुपये जमा कराए गए हैं। जबकि बीरेन्द्र सिंह उपार्जन प्रभारी बम्हनगवां द्वारा 50000 रुपये जमा कराए गए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेष बकायादारों ने अभी तक कोई भी राशि जमा नहीं करायी गयी है।

### देवेन्द कुमार पाण्डेय के बाकी हैं 51.60 लाख रू

सबसे बड़े बकायादारों में देवेन्द कुमार पाण्डेय समित प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्या. शंकरहर्दी हैं जिन्होंने अभी तक ये राशि जमा नहीं करायी है। तथा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की लीपापोती करने एवं सही जानकारी नहीं देने के आरोप लोगों द्वारा लगातार लगाए जा रहे हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि नोटिस के अनुसार शाखा प्रबंधक द्वारा इन पर कानूनी कार्यवाही करायी जाएगी या नहीं या फिर मामले में लीपापोती का सिलसिला चालू रहेगा।

# अवैध कॉलोनियों में जारी नोटिस को लेकर नगर निगम रीवा का स्पष्टीकरण



**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम रीवा द्वारा अवैध कॉलोनियों में जारी किए गए नोटिस को लेकर नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने स्पष्ट किया है कि जिन भवन स्वामियों के पास वैध भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) पहले से जारी है, एवं कालोनी विकास शुल्क जमा है उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। नगर निगम का यह अभियान अवैध कॉलोनियों को वैधीकरण के तहत नियमित करने पात्र रहवासियों से विकाश शुल्क राशि जमा कराने और अवैध कॉलोनी निर्माण पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि नोटिस सभी को जारी किए गए हैं, लेकिन जिनके पास वैध दस्तावेज और भवन अनुज्ञा उपलब्ध हैं, लिखित रूप से अपनी आपत्ति नगर पालिक निगम में दे सकते है जिसका परीक्षण नियमानुसार किया जाकर सूचित किया जायेगा, उन्हें आपत्ति पूर्व राशि जमा कराने की आवश्यकता नही है। नगर निगम रीवा ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से भवन अनुज्ञा दिलाने या किसी प्रकार की राशि वसूलने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को राशि न दें और यदि कोई इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो इसकी तुरंत शिकायत नगर निगम कार्यालय व कंट्रोल रूम द्वारा जारी टोलफ्री नंबर 18008899711 में करें। नगर निगम की ओर से जनता को यह भी सूचित किया जाता है कि वे अधिकृत जानकारी के लिए सीधे नगर निगम कार्यालय से संपर्क करें और किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें।

# नम आंखों से दी अंतिम विदाई

## वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी यादव पंचतत्व में विलीन



**सतना, स्वतंत्रमत।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कुशल राजनैतिज्ञ लक्ष्मी यादव के अंतिम दर्शन को जन सैलाब उमड़ा और लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उनके प्रति लोगों का प्रेम इतना प्रगाढ़ था कि समाज के हर वर्ग का आदमी उन्हें दुखी मन से अंतिम विदाई देने पहुंचा।उनके इकलौते पुत्र रत्नेश यादव रेशु ने उन्हें मु याग्नि दी।



### ये रहे शामिल

अंतिम विदाई ने सांसद गणेश सिंह विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुधीर सिंह तोमर, अनिल जायसवाल महापौर योगेश ताम्रकार,भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी,कांग्रेस नेता दिलीप मिश्रा राजदीप सिंह मोनू, चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, कांग्रेस नेता अजय सोनी, एकेएस डायरेक्टर अनंत सोनी,स्वर्णकार समाज से अमित सोनी, वरिष्ठ समाज से भी हरिओम गुप्ता, आशीष तिवारी, सुरेंद्र शर्मा,जय प्रताप बागरी,सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# महिला दिवस पर अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी में संगोष्ठी का आयोजन, महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस



**रीवा, स्वतंत्र मत।** अवधेश प्रताप सिंह युनिवर्सिटी रीवा में महिला दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर अंशू रानी पटेल रहीं, जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विभा श्रीवास्तव ने की। मुख्य वक्ताओं में डॉक्टर सुष्मिता मिश्रा, जयपुरिया डायरेक्टर ऑफ़ रीवा सेक्रेटरी ओफ स्कोन डॉक्टर कल्पना पटेल, विहान हॉस्पिटल, और डॉक्टर विधि गुप्ता, मिनर्वा हॉस्पिटल शामिल रहीं। इन वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक स्वतंत्रता पर विस्तृत चर्चा की। संगोष्ठी की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा से की गई, जो ज्ञान और शिक्षा की देवी हैं। डॉक्टर अंशु ने पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, और स्मृति चिन्ह से मान्य अतिथियों का स्वागत किया और संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला। डॉक्टर विभा श्रीवास्तव ने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जैसे कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, और महिला सशक्तिकरण योजना। डायरेक्टर और सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ़ नेचर की सेक्रेटरी डॉक्टर सुष्मिता मिश्रा ने महिलाओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि आज देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की महिलाओं का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम कर रही हैं और सफलता प्राप्त कर रही हैं। डॉक्टर कल्पना पटेल और डॉक्टर विधि गुप्ता ने मेडिकल साइंस में महिलाओं के लिए संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की और समाज को जागरूक करने में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज को स्वस्थ बनाने में योगदान कर रही हैं। इस संगोष्ठी का संचालक डॉक्टर समता शुक्ला और आभार डॉक्टर दीपाली शुक्ला ने किया। लगभग सौ महिलाओं और सैकड़ों छात्राओं ने सहभागिता की और महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# सुभाष पार्क गल्ला मंडी अतिक्रमण से घिरा

## जाम के झाम में घंटो फंसे रहते लोग

**सतना, स्वतंत्रमत।** शहर के सुभाष पार्क गल्ला मंडी की रोड के दोनों ओर अतिक्रमण कर दुकानदारों ने अपना व्यापार कर रहे है। जिससे रोड सकरी हो गई है। और वाहनों का घंटों जाम लग जाता है। जाम के झाम में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। इधर नगर निगम का अतिक्रमण अमला सुभाष पार्क गल्ला मंडी की रोड से आये दिन निकलता है। यहां के अतिक्रमण को अनदेखी कर चला जाता है। इससे यह लगता है कि अतिक्रमण अमला इन अतिक्रमणकरियों ये अवैध वसूली करता है। और दूकानदारों को खुद कब्जा करा दिया है। सुभाष पार्क गल्ला मंडी में जो लोग अवैध कब्जा बीसों वर्ष से यह कब्जा जमा रखा है । ऐसा भी कहा जाता है कि इन अतिक्रमणकारियों के ऊपर एक राजनैतिक नेता का छत्रछाया है । जिससे नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के प्रभारी को भी इस अतिक्रमण हटाने में पसीना आ रहा है। नगर निगम कमिश्नर इस खबर को देख का क्या करते है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# निगम आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शहर में अतिक्रमण को लेकर कड़ा रूख अपनाते हुये 10 मार्च को स्वागत भवन, प्रकाश चौराहा से सॉई मंदिर तक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाथवे में लगी दुकानों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण के दौरान गंगा वाटिका और साईं मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्थित रूप से एवं एक से अधिक दुकान लगाने वालों को चिन्हित करते हुये हटाने के सख्त निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि एक ही व्यक्ति द्वारा एक से अधिक दुकान लगाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुये जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा, निगमायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने और दुकानों को चिन्हित स्थान पर सख्ती से लगवाया जाय। साथ ही नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही एवं टोइंग वाहन से हटाने के भी निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि शहर में आवाजाही सुगम बनाने के लिए उक्त क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें लगाने से जाम की स्थिति से होगा सुधार होगा और यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार एवं अतिक्रमण सहायक उपस्थित रहे।

# नगर निगम द्वारा महिला कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण



**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम रीवा एनयूएलएम शाखा द्वारा केंद्रीय जेल रीवा में महिला कैदियों के लिए व्यवहार परिवर्तन और आय अर्जन के उद्देश्य से 11 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों के महिलाओं को जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा, जल्द ही महिलाओं को अचार, पापड़, साबुन और सर्फ बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह पहल न केवल महिला कैदियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगी, बल्कि उनके पुनर्वास और समाज में पुन: समाहित होने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। महिला कैदियों को यह प्रशिक्षण आरसिटी सहयोगी संस्था द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री एसके उपाध्याय, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी और सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती प्रीति रोचलानी उपस्थित रहीं।

# पुलिस अधीक्षक की सख्ती के बाद भी बरगवां में जारी है मिलावट का खेल

## मोरवा व महदेइया में मिलावट का कार्य पड़ा धीमा



**सिगरौली, स्वतंत्र मत।** सिंगरौली जिले में कोयले के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) के सख्त निर्देशों के बाद मोरवा और महदेइया क्षेत्र में कोयले के काले कारोबार पर कुछ हद तक लगाम लगती दिख रही है। लेकिन दूसरी ओर, बरगवां में यह अवैध धंधा बदस्तूर जारी है। खासकर कोयले में चारकोल व भस्सी की मिलावट का खेल बेरोकटोक चल रहा है, जिससे न केवल उद्योगों को नुकसान हो रहा है बल्कि सरकार को भी राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।

**एसपी के सख्त निर्देशों के बावजूद बरगवां में जारी है मिलावट :** सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने कोल माफियाओं को साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि कोयले में किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बावजूद इसके, बरगवां में कोयले में चारकोल व भस्सी की मिलावट का खेल अभी भी जारी है। कोयला तस्कर चोरी-छिपे अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं और प्रशासन की पकड़ से बाहर बने हुए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि बरगवां में कुछ कोल माफिया कोयले में चारकोल, भस्सी मिलाकर इसे ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। इस मिलावटी कोयले का उपयोग करने वाले उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि यह कोयला पर्याप्त ऊर्जा नहीं दे पाता और तेजी से जलकर खत्म हो जाता है। इसके अलावा, इस अवैध कारोबार से सरकार को भी टैक्स और राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

### राजनीतिक संरक्षण में सब मौन

सूत्रों का कहना है कि कोयले की मिलावट और कालाबाजारी के इस खेल को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि चाहे पुलिस कार्रवाई करे या फिर प्रशासनिक अधिकारी जांच करें, लेकिन बड़े माफिया हमेशा बच निकलते हैं। जबकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर प्रशासन ईमानदारी से जांच करे तो इस अवैध कारोबार में शामिल कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। लेकिन राजनीतिक दबाव और मिलीभगत के चलते कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

### सख्त कदम उठाने की जरूरत

एसपी के निर्देशों के बाद पुलिस प्रशासन लगातार अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने की कोशिश कर रहा है। लेकिन बरगवां में कोयले में मिलावट का खेल अभी भी पूरी रफ्तार से जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस क्षेत्र में और सख्ती बरतने की जरूरत है ताकि यह अवैध कारोबार पूरी तरह से बंद हो सके। बरगवां क्षेत्र के आम लोग और स्थानीय व्यापारी इस अवैध धंधे से परेशान हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जो कोयले में मिलावट कर लोगों को ठग रहे हैं। लोगों की मांग है कि पुलिस को नियमित रूप से निगरानी करनी चाहिए और दोषियों को पकड़कर कड़ी सजा दिलानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई इस तरह के अवैध कार्य करने की हिम्मत न करे हालांकि पुलिस अधीक्षक की सख्ती के बाद मोरवा और महदेइया क्षेत्र में कुछ सुधार देखा गया है, लेकिन बरगवां में कोयले में मिलावट का खेल अभी भी जारी है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस गोरखधंधे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए और सख्त कदम उठाए ताकि कोयला उद्योग और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की हानि न हो और सरकारी राजस्व की भी सुरक्षा की जा सके।

# तनाव प्रबंधन के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण आज

**रीवा।** प्रशासनिक अधिकारियों को तनाव प्रबंधन तथा समस्याओं के समाधान के संबंध में ब्रम्हकुमारी संस्थान द्वारा 11 मार्च को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से 11.15 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से राजयोगी शिक्षक श्री बीके सूरज तनाव प्रबंधन तथा समस्याओं के सम्पूर्ण समाधान के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। इसमें स्वयं की संकल्प शक्ति द्वारा समस्याओं के समाधान, तनाव प्रबंधन, क्रोध पर नियंत्रण, नशामुक्त जीवन तथा योगयुक्त जीवन पद्धति का प्रशिक्षण दिया जाएगा।


**स्वतंत्र मत रीवा**

**निष्पक्ष खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**स्वतंत्र मत रीवा**

**सम्पर्क:- शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक सेकेण्ड फ्लोर रीवा**

**मोबाइल नं.-9424880111, 07662-325960**



AVAILABLE FOR SALE

SUPRO PROFIT MINI TRUCK VX

MODEL- 2022

MP-17-L-2146

SUNDARAM FINANCE LTD

MBL NO-949425302879, 9425303592

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नाम पर 93 हजार लोगों से की गई पांच करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

## वारासिवनी पुलिस ने राजस्थान के आरोपियों को किया गिरफ्तार





बालाघाट( स्वतंत्र मत )

जिले की वारासिवनी थाना पुलिस ने शासकीय योजना के नाम लोगो को लोभ लालच देकर एक बडी जालसाजी का भांडाफोड किया है और राजस्थान के आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 09 मार्च 2025 को थाना वारासिवनी मे रंजिता फूलमारी नामक महिला ने वारासिवनी थाने ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था कि पे टू पे सोशियल फाउडेशन जयपुर राजस्थान के कर्मचारियो द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओं शासकीय योजना के नाम से अवैध रूप से चैन सिस्टम बनाकर आम लोगो के साथ धौखाधडी कर पैसा हडपा जा रहा है। जहां आवेदन प्राप्त होने पर थाना वारासिवनी पुलिस ने मामले को तत्काल संज्ञान में लिया और जांच शुरू की गई।

शासकीय योजना के नाम पर आमजनों से धोखाधडी किये जाने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसपी नगेन्द्र सिंह ने विधिवत जांच कर तत्काल दोषियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस की टीम गठित की गई और टीम ने विधिवत जांच पड़ताल शुरू की। जहां पुलिस ने पे टू पे सोशियल फाउंडेशन के अध्यक्ष आरोपी प्रभूदयाल शर्मा राजस्थान, संस्था मे सीनियर महीपाल सिंह शेखावत, कैलाश जांगिड, एरिया मैनेजर शंकर परिहार बालाघाट, हरीश मेश्राम के विरूद्ध अपराध क्र. 77/25 धारा 318(4),111(2) बीएनएस 3,4,5 ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की माने तो आरोपियों के द्वारा लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए शासकीय योजना बेटी बचाओ बेटी पढाओ की आड ली जाती थी। आरोपियों द्वारा आमजनों को बताया गया कि इस योजना से जुडने पर जिनकी बेटियां है उनकी जब शादी होगी तो लगभग एक लाख रुपया मिलेगे और अगर इस संस्था से लोगो को जोडकर उनकी 550 रुपये की रशीद कटवाकर पैसा संस्था में जमा कराया जाता है तो एक आदमी के जोडने पर 40 रुपया मिलेगे। इस तरह इस संस्था में अपने नीचे लेफ्ट राईट चैन बनाकर हर आदमी से जिनकी बेटी है 550 रुपया जमा कराना है। इस सिस्टम में कुल 17 लेवल है और हर लेवल पर अलग अलग ईनाम है। यदि कोई व्यक्ति सत्तरह लेवल पार करता है तो उसे एक करोड रुपया कमीशन मिलेगा। विवेचना के दौरान पता चला कि पे टू पे सोशियल फाउडेशन जयपुर राजस्थान के अध्यक्ष प्रभूदयाल शर्मा, संस्था मे सीनियर महीपाल सिंह शेखावत, कैलाश जांगिड बालाघाट में काम कर रहे एरिया मैनेजर शंकर परिहार एवं हरीष मेश्राम के द्वारा इस संस्था के माध्यम से एक संगठन के रुप में आमलोगो को बेटी बचाओ बेटी पढाओ भारत सरकार की योजना बताकर चैन सिस्टम से ईनाम का लालच देकर 550 रुपया की रशीद कटवाकर, बेईमानी करने के लिये पैसा अपने खाते में जमा करवा रहे है और आमलोगो के साथ धोखाधडी कर जालसाजी कर रहे थे। जहां विवेचना के दौरान आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया और पे-टू-पे सोशियल फाउंडेशन की रसीदे, बैंक ट्रांसफर की डिटेस, पे टू पे सोशियल फाउंडेशन की वेबसाईट की आईडी पासवर्ड जप्त किया गया है। पे टू पे सोशियल फाउंडेशन के द्वारा अभी तक करीबन 93000 सदस्यो को जोड़ने की जानकारी सामने आई है, जिसकी विवेचना की जा रही है। उक्त चेन सिस्टम के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले अन्य सदस्यो की जानकारी प्राप्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने कैलाश सिंह जांगिड निवासी राजस्थान, महीपाल सिंह शेखावत निवासी राजस्थान, हरीश मेश्राम निवासी वारासिवनी और शंकरसिंह परिहार निवासी बालाघाट को गिरफ्तार किया। जिनसे विस्तृत पूछताछ उपरांत माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस प्रकरण के पूरे खुलासे के बाद पुलिस ने आमजनों से अपील करती की है कि आरबीआई द्वारा सभी नागरिकों को सचेत किया गया है कि पिरामिड स्कीम मल्टीलेवल मार्केटिंग चैन कंपनी के झांसे मे ना आए।

## वन्यजीवों की तेजी से बढ़ रही संख्या, उत्पन्न हो रही प्रबंधन की समस्या



**सिवनी ( स्वतंत्र मत )** वन्य जीवों की निरंतर बढ़ती संख्या और इनका कुशल प्रबंधन बड़ी चिंता का विषय बन रहा है । वन्य प्राणियों की सुरक्षा और मानव जीवन पर इसका विपरीत प्रभाव वन विशेषज्ञों के साथ सरकारों की चिंता का विषय बन रहा है विशेषकर मध्यप्रदेश में वन्य जीवों का प्रबंधन एक चुनौती बन रही है जिसके कुशल प्रबंधन के लिये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की पिछले दिनों संपन्न बैठक मे निर्देश दिया था कि मध्यप्रदेश मे कुशल वन्य जीव प्रबंधन के कारण बाघ, तेंदुओं एवं अन्य वन्य प्राणियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और आज मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट, लेपर्डस्टेट, वल्चरस्टेट, वुल्फ स्टेट एवं घडि?ाल स्टेट है किन्तु यह भी सत्य है कि वन्य प्राणियों की बढ़ती संख्या प्रबंधकीय चुनौतियों को पैदाकर रही है। भविष्य में इनकी संख्या बढने के कारण चुनौतियां भी बढ़ेंगी। अत: भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये देश भर के विशेष विशेषज्ञों को बुला कर भविष्य की इन चुनौतियोंसे निपटने की रणनीति बनानी होगी। इस हेतु प्रदेश के वरिष्ठ वन अधिकारियों की देश के वन्य जीव विशेषज्ञों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन दो दिवसीय राष्ट्रीय वन्य जीव कार्यशाला ''मध्यप्रदेश के भविष्य के वन्य जीव प्रबंध हेतु रणनीति''के द्वितीय दिवस पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी के खवासा स्थित पर्यटन सुविधा केन्द्र के कांफेंश हॉल, रेंज ऑफिस कर्माझिरी हॉल, रेंज ऑफिस खवासा बफर के हॉल, एवं क्वॉरेन्टीन सेंटर एवं वन्य जीव अस्पताल के हॉल में चार समूहों यथा:- भू-परिदृश्य प्रबंध, वन्य जीव आवास प्रबंध मानव-वन्य जीव द्वंद एवं समुदाय उक्त चारों समूहों में चारों विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। भू-परिदृश्य प्रबंध समूह में संरक्षित क्षेत्रों के विस्तार और वन्य जीव गलियारों की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि पारिस्थितिकीय संबंध बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, कार्य आयोजना में परिदृश्य प्रबंधन को शामिल करने और ड्रोन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करने पर चर्चा की गई।

# स्कूल परिसर में संचालित हो रहा अवैध ईंट भट्टा



लांजी( स्वतंत्र मत )

तहसील क्षेत्र के ग्राम देवलगांव सहित आसपास के गांव में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों की बाढ़ आने लगी हैं। कुम्हार जाति को मिली छूट का लाभ गाँव के रसूखदार लोग उठा रहें है। खास बात यह है कि ग्राम पंचायत देवलगांव में एक निजी स्कूल संचालक द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर स्कूल के खेल मैदान में ईंट भट्ठा लगा लिया गया हैं। जिसकी जानकारी पंचायत को होने के बावजूद किसी ने कोई आपत्ति नहीं ली। दूसरी ओर वर्तमान में स्कूलों में सभी कक्षाओं की परीक्षाएं चल रही है जिससे परीक्षा के दौरान ईट भट्टे से उठने वाला धुंआ स्कूली बच्चों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ हैं। गौरतलब हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईट भट्ठे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धडल्ले से चल रहा है। यहां तक कि जिन ग्राम पंचायत के अधीन में यह कारोबार किया जा रहा है उन्हीं के पंचायत को ही जानकारी नहीं है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध ईंट भट्ठो पर न तो प्रशासनिक लगाम लग पा रही है और न ही किसी तरह रायल्टी वसूली हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईट भट्ठे की जानकारी हल्का पटवारियों को होती है लेकिन अवैध ईट भट्ठा संचालको से पटवारियों के साठगांठ के चलते पटवारी अपने उच्च अधिकारियों तक अवैध ईट भट्ठा संचालको के ऊपर कार्यवाही करने के लिए कोई भी प्रतिवेदन नही दे रहे हैं जिससे शासन को रॉयल्टी से लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जिसके कारण अवैध रूप से लाल ईट भट्ठा का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है तथा गाँव मे पर्यावरण को दूषित किया जा रहा हैं।

# पटवारी की मनमानी के खिलाफ कोटवार ने जारी किया अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

## कटंगी नगर के पटवारी जागेन्द्र चौधरी पर कार्यवाही की मांग

बालाघाट( स्वतंत्र मत )




कटंगी तहसील नगर के कोटवार ने पटवारी की प्रताड़ना से तंग आकर अब 10 मार्च की प्रात: 9 बजे से तहसील प्रागंण में अनिश्तिकालिन भूख हड़ताल शुरू कर दी हैं। कोटवार ने इसके पहले तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को अपनी समस्या भरा पत्र देने के बाद न्याय नहीं मिलने के कारण अब हड़ताल पर बैठ गया हैं।

जानकारी अनुसार, मनोज खोब्रागड़े कटंगी के प.ह.नं 27 के कोटवार हैं। वहीं प.ह.न. 27 के जागेन्द्र चौधरी पटवारी के पद पर पदस्थ हैं। उन्होने पटवारी जागेन्द्र पर आरोप लगाया हैं कि पटवारी के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौच करते हैं यहीं नहीं मुझ पर ढाई लाख रूपये नहीं देने का मनगढ़त आरोप लगा रहा हैं। मेरे द्वारा वसूली की राशि नगद, ऑनलाईन भी दिया गया हैं लेकिन पटवारी मेरे पर ढाई लाख रूपये नहीं देने का आरोप लगा रहा हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता हैं। जबकि मेरे द्वारा ढाई लाख रूपये वसूली ही नहीं किया गया हैं, यहीं नहीं मेरे प.ह.न. के लोग व किसान भी इस बात को जानते हैं कि पटवारी की कितनी मनमनी चल रहीं हैं।

जब तक न्याय नहीं तब तक हड़ताल जारी...

पटवारी मनोज ने अनिश्चितकालिन भूख हड़ताल पर बैठते ही कहा हैं कि भले ही जान चली जाये पर मुझे न्याय चाहिए। मैं गरीब परिवार से हूं, पटवारी के द्वारा मुझे अश्लिल गाली-गलौच करता हैं, जबकि पटवारी को पदस्थ हुए 6 वर्ष होने को आए हैं जिससे उनकी अब मनमानी चल रहीं हैं। मुझ पर फर्जी तरिके से आरोप लगा रहें हैं कि मैरे द्वारा ढाई लाख रूपये वसूली किया गया हैं, यह गलत हैं। इसकी शिकायत कलेक्टर बालाघाट, एसडीएम राजस्व कटंगी तथा तहसीलदार को करने के बाद भी एक गरीब कोटवार को न्याय नहीं मिल पा रहा हैं इसलिए अपना स्वाभान व न्याय के लिए मुझे हड़ताल पर बैठना पड़ा हैं। मेरी मांग हैं कि पटवारी को यहा से हटाया जावें, जिससे की किसानों से उनके द्वारा कि जा रही मनमानी पर लगाम लग सके और मुझे भी न्याय मिल सकें।

## गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी के द्वारा होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न



**सिवनी ( स्वतंत्र मत )** गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी की अध्यक्षा के मार्गदर्शन पर होली मिलन एवं अंतर्राष्टीय महिला दिवस का कार्यक्रम होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी को गुलाल लगाकर फूलों से सजाकर भगवान का श्रंगार कर फूलों से होली खेली गई एवं एक दूसरे को अंतर्राष्टीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मनोरंजन गेम खेले गए साथ ही अंताक्षरी एवं श्री कृष्ण राधा रानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। गौरव स्वर्णकार महिला मंडल शिवानी की समस्त बहनों ने शराबबंदी हस्ताक्षर अभियान में अपना समर्थन दिया एवं 500 हस्ताक्षर करवाने का संकल्प लिया साथ ही हस्ताक्षर की शुरुआत अपने ही हस्ताक्षर करके शुरू की गई।कार्यक्रम के अंत में गौरव स्वर्णकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संजना संजय सोनी जी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं एवं स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विधानसभा प्रश्नों का समय-सीमा में उचित शाखा में उत्तर पहुँचायें : कलेक्टर

सिवनी ( स्वतंत्र मत )



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 10 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत को अवलोकन कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी अधिकारियों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में संबंधित शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के लिए लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया है साथ ही फसल गिरदावरी कार्यों को तेजी से पूरा करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोडने के लिए चलाये जा रहे सर्वे प्रगति की समीक्षा कर सभी 635 पंचायतों में शतप्रतिशत हितग्राहियों का डोर टू डोर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए पात्रता सूची में जोडने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कार्य को पूरी गम्भीरता तथा शुद्धता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सर्वे के दौरान गलत जानकारी देकर योजना का लाभ लेने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों तथा शासकीय अमले द्वारा गलत जानकारी प्रविष्टि करने सूचना प्राप्त होने पर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी कलेक्टर सुश्री जैन ने दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने एकल नलजल योजनाओं कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद तथा सीएमओ को अपने क्षेत्र के ग्रीष्म कालीन पेय जल व्यवस्था को लेकर संवेदनशील ग्रामों, वार्डों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं साथ ही इन चिन्हांकित ग्रामों-वार्डों में पेयजल संकट के समय वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने पीएचई तथा जल निगम के अधिकारियों को भी अपनी योजनाओं का अवलोकन कर आवश्यक सुधार कार्य कराने के लिए निर्देशित किया है।

# छिंदवाड़ा में आयोजित हुई मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की महत्वपूर्ण बैठक

## वर्तमान में पत्रकारिता का कार्य बेहद चुनौती भरा है : मिश्रा








छिंदवाड़ा ब्यूरो स्वतंत्र मत

नगर के टाउन हाल में रविवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जबलपुर संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, संभागीय महासचिव सुभाष पांडेय, संभागीय सदस्य अमित बवेले, वरिष्ठ पत्रकार अवनीत गंगवाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में अतिथियों का स्वागत फूलमाला से किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जबलपुर संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता का कार्य बेहद चुनौती भरा है, सभी मिडिया कर्मियों को एकत्रित होकर कार्य करने की आवश्यकता है, समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण से पत्रकारिता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि समाज को नई दिशा प्रदान कर सकें। बैठक में जिले भर से संगठन से जुड़े मिडिया कर्मी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष मनोज सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अजित पांडेय, जिला महासचिव मनोज साहू, कोषाध्यक्ष राजेश उईके को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दी गई। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र मिश्रा समेत अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया। इस दौरान सभी मिडिया कर्मियों ने अनुगढ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इसके पश्चात सभी मिडिया कर्मियों ने अपनी रसोई में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने 7 प्रकरणों का कराया राजीनामा




सिवनी ( स्वतंत्र मत )

गत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग सिवनी के पीठासीन अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय व श्रीमती उषा शर्मा, सदस्या, एवं वीरेन्द्र सिंह राजपूत मध्यस्थता सदस्य व श्रीमती चित्रा सहारे मध्यस्थता सदस्या द्वारा 07 हितग्राहियों को राशि 3,57,538.00 ( तीन लाख, सत्तावन हजार, पाँच सौ, अड़तीस रूपये मात्र) का भुगतान कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उक्त कार्य के लिए जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सुनील कुमार सल्लाम रीडर, राजेन्द्र कुमार सनोडि?ा कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सुश्री वंदना शर्मा सहा0ग्रेड-3 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सुखलाल कटरे आशीष भलावी एवं करन सिह उईके एवं अधिवक्ता अनिल कुल्हाड़े एवं सजल डे, व टी0आर0राय का विशेष योगदान रहा, इनका कार्य सराहनीय रहा है।